# बीमार दादी की जगह पोते को लगा दिया इंजेक्शन

## शिकायत करने पर धमकाया, युवक ने बच्चे संग कलेक्टर से लगाई कार्यवाही की गुहार



नवभारत न्यूज

**अशोकनगर। झोलाछाप डॉक्टरों की बजह से कई लोग असमय ही काल के गाल के समा जाते है, तो वहीं इनके कई साइडफेक्ट देखने को मिलते है, ऐसा ही अजब-गजब मामला गुरुवार को सामने आया, जब एक युवक ने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को शिकायती आवेदन देते हुए बताया कि वह अपनी मां को इलाज कराने के लिए झोलाछाप डॉक्टर के पास पहुंचा था, लेकिन उसने उसकी मां की जगह उसके बेटे को इंजेक्शन लगा दिया, यह गनीमत रहीं कि बच्चों को कोई साइडफेक्ट नहीं हुआ और वह स्वस्थ है।**

इस सबंध में जब युवक द्वारा डॉक्टर से शिकायत की गई तो उसने अपनी गलती मानने की जगह उल्टा उसे ही धमका दिया। जिसके बाद वह डॉक्टर की शिकायत करने सारसखेड़ी चौकी पर गया, लेकिन पुलिस उसकी बातों की अनसुना कर दिया। फिर उसने गुरूवार को कलेक्टर और एसपी को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि जिले में झोलाछाप डॉक्टरों की दुकानों पान की दुकानों से ज्यादा गली मोहल्लो और गांव खेड़ो में नजर आती है, जो चार बोतल, इंजेक्शन और कुछ गोलियां रखकर शटर खोलकर बैठ जाते है और अपने आपको को डॉक्टर कहलवाने लगते है। इन झोलाछापों का डिग्री से कोई वास्ता नहीं रहता है।

### गलती मानने की जगह डॉक्टर ने दी धमकी

गुरूवार को कलेक्टर से की गई शिकायत में खमखेड़ी निवासी कृष्णपाल यादव पुत्र विक्रमसिंह यादव ने बताया कि उसकी माताजी की तबीयत खराब थी, जिसके चलते वह ढाकोनी स्थित डॉ शर्मा के पास मां का इलाज कराने के लिए पहुंचे, इस दौरान उनका बेटा आदित्य भी साथ में था। जहां डॉक्टर ने मां को देखने के बाद इंजेक्शन लगाने के लिए बोला, जिसके बाद डॉक्टर के लड़के द्वारा उनके बेटे आदित्य को जबरजस्ती इंजेक्शन लगा दिया।

## बोडा-गुलखेडी जोड़ पर 07 .89 ग्राम स्मैक पकड़ी

**राजगढ़ 21 अगस्त, का.** जिले में नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी के निर्देशन में एडिशनल एसपी केएल बंजारे, एसडीओपी नरसिंहगढ़ सुश्री मिनी शुक्ला व थाना बोडा पुलिस को बड़ी सफलता प्राप्त हुई है. मुखबीर सूचना पर थाना बोडा पुलिस द्वारा गुलखेडी जोड़ पर एक महिला को नीली स्कूटी पर संदिग्ध अवस्था में रोककर तलाशी ली गई. आरोपी चंदा पति गोतम सांसी, उम्र 28 वर्ष, निवासी गुलखेडी की स्कूटी की डिग्गी से 07.89 ग्राम मादक पदार्थ स्मैक जप्त की गई. आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध किया है. इंजेक्शन, सीरिंज एवं कांच की शीशी आदि जब्त की है.



# पुलिस ने किया लूट की वारदात का खुलासा

**लोहे की पाइप से किया था हमला**

**आरोपियों में दो नाबालिग भी शामिल**

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 21 अगस्त. पुलिस चौकी पाथाखेड़ा थाना सारणी ने 15 अगस्त को हुई लूट की गंभीर वारदात का खुलासा कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसमें दो नाबालिग है।**

संपूर्ण विवेचना उपरांत आरोपियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। पुलिस जनसंपर्क अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार फरियादी अजय पिता प्रमोद खंडेलवार, (36 वर्ष) निवासी शोभापुर ने थाना सारणी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 15 अगस्त को शाम लगभग 06.30 बजे वह अपनी मोटरसाइकिल से शोभापुर कॉलोनी से घर लौट रहा था। उसी दौरान मंदिर के समीप जंगल से तीन अज्ञात व्यक्ति चेहरे पर कपड़ा बाँधकर बाहर आए और फरियादी पर लोहे की पाइप से हमला कर दिया।

हमले से घायल होकर फरियादी सड़क पर गिर पड़ा, जिसके बाद आरोपियों ने उसके पास से एक सैमसंग टच मोबाइल फोन एवं पर्स में रखी नगदी लूट ली। घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना सारणी में धारा 126(2), 309(6), 3(5) भा.दं.सं. (बीएनएस) के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। पुलिस को मुखबिर से मिली पुख्ता सूचना पर पुलिस ने मुख्य आरोपी विकास पिता दिलीप धुर्वे, (18 वर्ष) निवासी ग्राम केरिया उमरी, थाना सारणी सहित दो अन्य विधि विरुद्ध बालक को चिन्हित कर गिरफ्तार किया।

# गणेश उत्सव को लेकर तैयारियां जोरों पर

## मूर्ति कलाकार तैयार कर रहे आकर्षक प्रतिमाएं



**नवभारत न्यूज टीकमगढ। प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश के जन्मोत्सव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। मूर्तिकार मूर्ति में रंग भर रहे हैं। वहीं सार्वजनिक पंडालों में गणेश कमेटियों द्वारा झांकियों की रूपरेखा तैयार कर झांकी बनाने काम शुरू हो चुका है।**

शुक्ल पक्ष की चतुर्थी यानी 27 अगस्त से 11 दिवसीय गणेशोत्सव की शुरुआत होगी। इस बार ज्यादातर गणेश पंडालों में भगवान के बाल स्वरूप की प्रतिमाएं विराजमान की जा रही हैं। साथ ही श्रीगणेश के साथ शिव परिवार भी नजर आएगा। गणेशोत्सव को लेकर शहर के कटरा बाजार, लुकमान चौराहा, स्टेट बैंक चौराहा, पपोरा चौराहा, कमानी दरबाजा, छोटी देवी मंदिर, चकरा तिगेला सहित अनेक स्थनों एवं अतूत बाली गली में सबसे ऊंची गणेश प्रतिमा की स्थापना इस वर्ष की जा रही है।

### 18 सालों से रखी जा रही भगवान की प्रतिमा

छोटी देवी मंदिर की कमेटी के सदस्य शिव ने बताया कि हम लोगों द्वारा इस कार्यक्रम की शुरूआत वर्ष 2007 से की थी। इस वर्ष 11 फीट ऊंची विशाल एवं भव्य श्री गणेश प्रतिमा विराजमान की जा रही है। जिसमें भगवान भोलेनाथ का संपूर्ण परिवार की झांकी सजाई जाएगी। 11 दिवसीय उत्सव के दौरान विघ्नहवं का प्रतिदिन बदल-बदल कर श्रृंगार होगा।

## बच्छबारस के दिन माताओं ने गाय बछड़े की पूजन की

**पिपरिया, 21 अगस्त .** बच्छबारस के दिन माताओ ने गाय व बछडे की पूजन कर अपने बच्चों की दीर्घायु व उज्जवल भविष्य की कामना की। बच्छबारस के अवसर पर माताओं ने अपने बच्चों के सुखद भविष्य व दीर्घायु की कामना गौ माता की पूजन अर्चन कर की। माताओं द्वारा गाय से के दुध से बने उत्पादो का व गेंहू का सेवन नही किया जाता साथ ही चाकू का उपयोग भी नही किया जाता, भोजन को ढाककर नही बनाते, इस अवसर पर बच्छबारस की कथा भी सुनाई गई। माताओ ने अपने बच्चो को तिलक लगाकर मिठाई खिलाकर पूजा का समापन किया।



# नव प्रवेशी बच्चों को बांटे बैग

नवभारत न्यूज

**खिलचीपुर 21 अगस्त, सं. जिला कलेक्टर महोदय के निर्देशानुसार जिला उपहार योजना अंतर्गत जनशिक्षा केंद्र खाजली अंतर्गत आने वाली शासकीय प्राथमिक विद्यालय पुरा खाजला में 12 नव प्रवेशी कक्षा 1 में अध्ययन करने वाले छात्रों को तिलक लगाकर और हार फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया.**

बाहर से आये लखन लाल ठाकुर जिला आबकारी अधिकारी राजगढ़ एवं जनशिक्षक राजकुमार सिंह खींची, अरविंद स्वर्णकार के द्वारा बेग वितरित किए. शासकीय प्राथमिक विद्यालय गुंदीपुरा में 5 छात्रों को और प्राथमिक विद्यालय खाजला में 6 छात्रों को बेग वितरित किए. बेग वितरण का उद्देश्य छात्रों को विद्यालय में नियमित आने हेतु प्रोत्साहित करना है.

### घर से सेंटिंग प्लेट्स व खिड़की चोरी, तीन आरोपी गिरफ्तार

बैतूल। कोतवाली पुलिस ने लोहे की सेंटिंग प्लेट और खिड़की चोरी के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एक लाख चार हजार रुपए की संपत्ति बरामद की है। पुलिस के अनुसार मंगलवार को सोनाघाटी निवासी निर्मला यादव ने शिकायत दर्ज कराई थी। 8 अगस्त की रात उनके घर से लोहे की सेंटिंग प्लेट्स और खिड़की चोरी हो गई। इस पर सोनाघाटी क्षेत्र में दो संदिग्धों को पकड़ा।

## आज जन समस्याएं सुनेंगे राजस्व मंत्री

**इछावर.** राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा 22 अगस्त को अनेक ग्रामों मे जनसुनवाई आयोजित करेंगे. जनसुनवाई में राजस्व मंत्री श्री वर्मा ग्रामवासियों की जन समस्याओं को सुनेंगे और निराकरण भी करेंगे. राजस्व मंत्री श्री वर्मा प्रात: 11 बजे ग्राम चितावलिया हेमा पहुंचेंगे और जन समस्याओं को सुनकर निराकरण करेंगे. वे प्रात: 11.15 बजे ग्राम चितावलिया लाखा, 11:30 बजे चितावलिया जाट, 11:40 बजे ग्राम पचपिपलिया, दोपहर 12:10 बजे ग्राम मुस्करा, 1 बजे ग्राम मोगराराम, 1:30 बजे ग्राम नरसिंहखेड़ा, 2:15 बजे ग्राम सिराड़ी, 3 बजे ग्राम कुण्डीखाल, 03:30 बजे ग्राम लालियाखेड़ी, शाम 04 बजे ग्राम कोलूखेड़ी, शाम 04:30 बजे ग्राम रामगढ़ पहुंचेंगे .

# बीमा की राशि कम मिलने से प्रदर्शन

**किसानों ने ट्रेक्टर रैली निकाल कर तहसील को घेरा**

**किसानों की समस्याओं के निराकरण की मांग**



नवभारत न्यूज

**कुरवाई 21 अगस्त, कुरवाई तहसील में फसल बीमा की राषियां किसानों के खाते में भेजी जा रहीं हैं, जिसमें जमा की गई प्रीमिएम राशि के समकक्ष ही बीमा राशियों का भुगतान किया जा रहा है.वहीं किसानों को यूरिया, डीएपी, एनपीके खाद की पूर्ति नहीं होने, से किसानों में आक्रोष व्याप्त है.युवा किसान संगठन के नेतृत्व में आधा सैकडा ट्रेक्टर ट्रॉलियों में सवार किसानों ने तहसील कार्यालय को घेर कर किसानों ने नारे लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया, वहीं मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम एसडीएम नितिन कुमार जैन को युवा किसान नेता सुयष तिवारी ने ज्ञापन पत्र सौंप कर किसानों की समस्याओं के निराकरण की मांग की गई.**

ज्ञापन पत्र सौंपने बाले किसानों में प्रमुख रूप से ग्राम नाही, देवली, गुदावल, सीहोरा, पनावर, बुखारा, शाहपुर, हिनौता, राजपुर क्षेत्र के किसानों ने एकजुट होकर आधा सैकडा से अधिक ट्रेक्ट्रालियों की रैली, मण्डीबामौरा सीहोरा से आरम्भ कर कुरवाई तहसील तक निकाली, जिसमें तिरंगा झण्डा लगाकर किसानो ने हम अपना अधिकार मांगते, नहीं किसी से भीख मांगते के नारे लगाये.

## शनिश्चरी अमावस्या 23 को, मंदिर में होगा हवन, अनुष्ठान और पूजन

**रुठियाई।** कस्बे के शनिदेव व नवग्रह मंदिर पर 23 अगस्त को शनिश्चरी अमावस्य के मौके पर विशेष जाप, अनुष्ठान किए जाएंगे। मंदिर के पुजारी पं. कैलाशनारायण ज्योतिषी, सहपुजारी बृजेश महाराज ने बताया कि, अमावस्या के मौके पर शनिवार सुबह 7 बजे से तेलमहाभिषेक के साथ कार्यक्रम की शुरुआत होगी। इसके बाद जाप, अनुष्ठान, पूजन और तेल अभिषेक आदि कार्यक्रम पूरे दिन चलेंगे। दोपहर 12 बजे सामूहिक महाआरती की जाएगी। मंदिर के पुजारी पं. ज्योतिषी के अनुसार वर्तमान में जिन राशियों पर शनिदेव की दृष्टि चल रही है उन जातकों को अमावस्या के दिन शनिदेव का तेल अभिषेक, जाप, अनुष्ठान और हवन कराने से राहत मिलेगी।

# शिकायत पर पैथालॉजी लैब सील

## जाँच रिपोर्ट में प्लेटलेट्स काउंट में गड़बड़ी पाई गई

नवभारत न्यूज

**बंडा 21 अगस्त. स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा नगर के बरा चौराहा पर संचालित हो रही लैब को सील किया गया.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार दरअसल विगत दिनों ग्राम कांटी निवासी ब्रज सिंह लोधी अपनी पुत्री का स्वास्थ्य खराब होने पर आर के पैथोलॉजी लैब पर पहुँचे. जहाँ जांच करने पर 19 हजार प्लेटलेटस काउंट प्राप्त हुए, इलाज के लिए परिजन लड़की को सागर लेकर पहुँचे. जहाँ डॉक्टर ने फिर से जांच करवाई, जाँच रिपोर्ट में प्लेटलेट्स काउंट 248000 आये. तब जांच रिपोर्ट देखने के बाद चिकित्सक ने बताया की घबराने की कोई बात नहीं है. जिसके बाद



बच्ची के पिता ब्रज सिंह लोधी ने इसकी शिकायत की.


शिकायत पर सीएमएचओ ममता तिमोरी के निर्देश पर जांच के लिए प्रभारी बीएमओ डॉ. प्रदीप सरवरिया टीम के साथ आर के पैथोलॉजी लैब पहुँचे, जहाँ उपलब्ध मशीनों और अन्य वस्तुओ की जांच की गई. माइक्रो पिपेड, रिकॉर्ड रजिस्टर, सेम्पिल वाइल जब्त किया गया, वहीं जिस मशीन से मरीज की जांच की गई थी. वह मशीन संचालक द्वारा टेस्टिंग के लिए भोपाल भेज दी गई जिसके कारण उसे जब्त नहीं किया जा सका. वहीं संचालक द्वारा बड़ी लापरवाही की गई की.

## एक नजर में



### लवकुश जन्मोत्सव चल समारोह का आमंत्रण

**सागर.** लवकुश जन्म उत्सव एवं चल समारोह का आयोजन कुशवाहा समाज द्वारा 24 अगस्त को किया जा रहा है. कुशवाहा एवं पटेल समाज के पदाधिकारियों ने खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के निज निवास मातेश्वरी पहुंचकर उन्हें कार्यक्रम की जानकारी दी एवं सम्मिलित होने आमंत्रित किया. शोभायात्रा रविवार 24 अगस्त को सुबह 10 बजे से श्री राम जानकी करीला धाम मंदिर परिसर राजीव नगर वार्ड से निकाली जाएगी.



### आगामी त्यौहार को लेकर शांति समिति की बैठक

**आष्टा.** जनपद पंचायत में वरिष्ठजनों की उपस्थिति में पुलिस एवं प्रशासन की बैठक आयोजित की गई. बैठक में सकल हिंदू समाज अध्यक्ष, मुस्लिम समाज के प्रतिनिधि, हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष सहित नगर के विभिन्न नागरिक उपस्थित थे. बैठक में एसडीएम नितिन कुमार टाले व एसडीओपी आकाश अमलकर ने कानून-व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. आगामी त्यौहारों को भाईचारे, शांति और सद्भाव के साथ मनाने पर चर्चा की गई.

### बैतूल में ट्रैक्टर पलटने से दबा युवक, मौत

**बैतूल।** जिले के ग्राम गढ़वा में एक सड़क हादसे में 18 वर्षीय युवक की मौत हो गई। उसकी पहचान श्यामू पिता रामा चडोकर के रूप में हुई। घटना गुरुवार सुबह करीब 9 बजे की है। श्यामू अपने बड़े भाई के साथ बाइक से खेत गया था। वापसी में वह अकेला ट्रैक्टर चला रहा था। गांव की 10 फीट चौड़ी सीसी रोड पर एक बैलगाड़ी खड़ी थी। इससे रास्ता संकरा हो गया था। श्यामू ने जब ट्रैक्टर को उस जगह से निकालने की कोशिश की तो वह अनियंत्रित हो गया। ट्रैक्टर सड़क किनारे पलट गया और श्यामू उसके नीचे दब गया।

# सूने मकान से लाखों के आभूषण चोरी


**गांधी चौक स्थित सूने मकान को चोरों ने बनाया निशाना**

**फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट और डॉग स्कवाड भी मौक पर पहुंचा**

नवभारत ब्यूरो.

**भैरूंदा 21 अगस्त. पत्नि के मायके जाने के बाद जब पति अपने मकान में ताला लगाकर दूसरे मकान में माता-पिता के साथ रहने गया. तो सूने मकान को बदमाशों ने निशाना बनाया और लाखों के आभूषण सहित नगदी पर हाथ साफ कर गए.**

नगर के गांधी चौक स्थित छोटा बाजार क्षेत्र में सोमवार रात अज्ञात चोरों ने एक सूने मकान पर धावा बोलकर लाखों रुपए के



जेवरात और नगदी लेकर रफचक्कर हो गए. वारदात के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. गोपेश शर्मा ने बताया कि उनकी पत्नी मायके गई हुई थीं और वे स्वयं अपने माता-पिता के साथ दूसरे मकान में रह रहे थे. इस दौरान उनके सूने मकान में चोरों ने धावा बोला. चोरों ने घर के कमरों का ताला तोड़कर सारा सामान बिखेर दिया और करीब दो लाख रुपए की संपत्ति लेकर फरार हो गए.सूचना मिलने पर थाना प्रभारी घनश्याम सिंह दांगी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मुआयना किया. इसके अलावा जिला मुख्यालय से आई फिंगरप्रिंट और डॉग स्क्वाड टीम की मदद से सुराग जुटाने की कोशिश की गई.

## विद्योदय तीर्थ में विधान

**सागर.** भाग्योदय तीर्थ के आगे खुरई रोड पर स्थित भाग्योदय तीर्थ की जमीन जो अब तक 25 एकड़ के नाम से जानी जाती थी उस जमीन पर मुनिश्री क्षमासागर महाराज की समाधि स्थल भी है. 25 एकड़ भूमि का नामकरण मुनिश्री विमल सागर महाराज के मुखारविंद से वर्णी कॉलोनी में चल रहे सिद्धचक्र महामंडल विधान के दौरान घोषित किया. नामकरण की बोली सहस्त्रकूट जिनालय के निर्माणकर्ता परिवार प्रेमचंद जैन उपकार एजेंसी ने 1 कलश 1 श्रीफल की राशि देकर बोली अर्जित की. परिसर का नाम विद्योदय तीर्थ रखा गया है अब उस जमीन को इसी नाम से सभी जगह जाना जाएगा. मुनि संघ के सानिध्य में विश्व के इतिहास में पहली बार 720 समोशरण विधान का आयोजन 27 सितंबर से 5 अक्टूबर तक होने जा रहा है.



# मशाल यात्रा का भव्य स्वागत

नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 21 अगस्त, सं. छत्रपति शिवाजी महाराज के शौर्य और उनकी स्मृति में निकाली जा रही गरुड़झेप यात्रा उत्तर प्रदेश के शहर आगरा से शुरू होकर गुरुवार सुबह सारंगपुर पहुँची. जहाँ सामाजिक संगठन एवं धार्मिक संगठनो के द्वारा शहर में यात्रा का भव्य स्वागत किया गया.**

यात्राओ ने पचोर में रात्रि विश्राम के बाद सुबह आगे प्रस्थान किया. यात्रा में शामिल एडवोकेट मारुतिआवा गोले बताते हैं कि हम प्रतिवर्ष यात्रा निकालते हैं. मुगलों के औरंगजेब के कैद से 17 अगस्त 1666 को शिवाजी महाराज आजाद हुए थे. इस खुशी में एवं छत्रपति शिवाजी महाराज की स्मृति में यह यात्रा निकाली जा रही है.

# संभाग में जीता गोल्ड, स्टेट की बारी

## सेण्ट एसआरएस स्कूल में विजेताओं का सम्मान

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा, गुरुवार को स्थानीय सैण्ट एस.आर.एस. पब्लिक हायर सैकेण्डरी स्कूल में संभाग स्तर पर गोल्ड हासिल करने वाले ताइक्कांडों खिलाड़ियों का सम्मान किया गया.**

खिलाड़ियों को अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए संस्था के डायरेक्टर के.एस.यादव, मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती सुधा यादव, प्राचार्य उमेश चंद्र यादव, खेल अधिकारी कपिल गौड़, गजेन्द्र सिंह दांगी सहित शिक्षक परिवार ने शुभकामनाएं दी हैं.कोच गजेंद्र सिंह दांगी ने बताया कि भोपाल के आई.ई.एस स्कूल कालीखेड़ा में संभाग स्तरीय ताइक्कांडों प्रतियोगिता सम्पन्न हुई थी. जिसमें संस्था की दिशा यादव ने अंडर 17 जूनियर वर्ग में गोल्ड मेडल जीता था.इसी तरह अंडर 19 वर्ग में सक्षम जाटव ने गोल्ड जीता था.गुरुवार को कार्यक्रम आयोजित कर दोनों खिलाड़ियों का पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया गया.ज्ञात हो कि गत वर्ष भी दोनों खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर भाग ले चुके हैं.संस्था डायरेक्टर के.एस .यादव एवं प्राचार्य उमेश चंद्र यादव सहित शिक्षकों ने दोनों खिलाड़ियों को सागर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अग्रिम शुभकामनाएं एवं शुभाशीष दिया है.

**खबर का असर** | **जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने दिए जांच के आदेश, सहायक सचिव अटैच**

# रिश्वतखोरी के आरोप पर हुई बड़ी कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**गुना 21 अगस्त का। नवभारत में प्रकाशित खबर प्रधानमंत्री आवास में रिश्वतखोरी का आरोप का बड़ा असर सामने आया है। बमोरी जनपद की ग्राम पंचायत चक कांसल में ग्रामीणों की लगातार शिकायतों और समाचार पत्र की रिपोर्टिंग के बाद जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने संज्ञान लेते हुए पूरे मामले की जांच के आदेश जारी किए हैं।**

जिला पंचायत की ओर से जारी पत्र में स्पष्ट किया गया है कि ग्राम पंचायत चक कांसल के सहायक सचिव मुकेश कुमार साहू



प्रधानमंत्री आवास में रिश्वतखोरी का आरोप

सचिव की मनमानी से तंग आकर बरसाती के ग्रामीण पहुंचे जनसुनवाई



के खिलाफ रिश्वतखोरी के आरोपों की जांच एक माह की अवधि में पूरी की जाए। इसके साथ ही जांच पूरी होने तक सहायक सचिव को उनके मुख्यालय से हटाकर जनपद कार्यालय अटैच कर दिया गया है। यह कदम इसलिए उठाया गया ताकि जांच प्रभावित न हो और ग्रामीणों के बयान निष्पक्ष तरीके से दर्ज किए जा सकें।

गौरतलब है कि बीते कई सप्ताहों से चक कांसल और आसपास के बरसाती, निवेरी सहित अन्य गांवों के ग्रामीण जिला मुख्यालय पर आयोजित जनसुनवाई में लगातार सचिव मुकेश साहू के खिलाफ ज्ञापन सौंप रहे थे।

नवभारत ने यह खबर प्रमुखता से प्रकाशित की थी। इसके बाद ग्रामीणों का दबाव और समाचार की गूंज से प्रशासन हरकत में आया। आखिरकार विभाग ने कार्यवाही करते हुए जांच आदेश जारी कर दिए हैं। ग्रामीण अब उम्मीद कर रहे हैं कि इस जांच से सच्चाई सामने आएगी और अगर सचिव दोषी पाए जाते हैं तो उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सहायक सचिव मुकेश कुमार साहू ने अपने ऊपर लगे आरोपों को निराधार बताया है।